समाचार

# आयुक्त ने किया प्रगतिरत कार्यो का निरीक्षण

(कार्यो में गति लाकर कार्यो को पूरा करने के दिए निर्देश)



कोरबा 27 मई 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो का सघन निरीक्षण किया, गुणवत्ता को परखा तथा प्रगतिरत विकास कार्यो में आवश्यक गति लाने, कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देंने एवं कार्यो को शीघ्र पूरा किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो व बस्तियों में अनेकों विकास कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं, निगम द्वारा वार्ड क्र. 18 अंतर्गत वाल्मिकी आश्रम के पीछे 39 लाख रूपये की लागत से 180 मीटर बड़े नाले का निर्माण कराया जा रहा है, वहीं रामपुर में 50 लाख रूपये की लागत से पुराने विद्यालय भवन के स्थान पर नया भवन निर्मित किया जा रहा है, जिनका कार्य प्रगति पर है, आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने निरीक्षण के दौरान इन कार्यो की गुणवत्ता को परखा तथा कार्य में तेजी लाने व समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बारी के अंतर्गत गोकुलनगर में गौठान का निर्माण कराया जा रहा है, आयुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों के साथ उक्त स्थल का भी निरीक्षण किया एवं त्वरित रूप से कार्य पूरा करने को कहा। दादर के समीप पी.एम.ए.वाई. योजनांतर्गत 03 चरणों में 2784 आवासगृहों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके तहत प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, उक्त स्थल पर पहुंचकर आयुक्त श्री दुबे ने कार्य प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया एवं तीनों चरणों के निर्माण स्थलों का जायजा लेते हुए कार्य प्रगति के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। निगम द्वारा मानिकपुर बाजार में 32 लाख रूपये के लागत से शेडो का निर्माण, मानिकपुर दशहरा मैदान के समीप 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, मानिकपुर में ही 31 लाख रूपये की लागत नाली व सड़क निर्माण, एम.पी.नगर में 41 लाख रूपये की लागत से सीवरलाईन निर्माण तथा तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस के पीछे वाली बस्ती में 36 लाख रूपये की लागत से सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आयुक्त श्री दुबे ने भ्रमण के दौरान इन सभी स्थलों पर पहुंचकर विकास कार्यो की कार्यप्रगति का निरीक्षण किया

तथा कार्यो में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम के वार्ड क्र. 23 में लगभग दो वर्षो से एस.एल.आर.एम. सेंटर का निर्माण लंबित था, 22 लाख रूपये की लागत वाले इस एस.एल.आर.एम. सेंटर का निर्माण वर्तमान में पूरा कर लिया गया है, उक्त नवनिर्मित सेंटर का निरीक्षण भी आयुक्त श्री दुबे ने किया।

**साफ–सफाई कार्यो का लिया जायजा**–अपने भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने उक्त सभी स्थलों में साफ–सफाई कार्यो का भी जायजा लिया एवं नियमित रूप से निर्धारित पैमाने के अनुरूप सफाई कार्य कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने भ्रमण के दौरान आमजन से भी अपील की कि वे घरों से निकले हुए कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थानों पर न डाले, कचरे को डस्टबिन में रखे तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाले सफाईमित्र के वाहन में ही उक्त कचरे को डालें एवं निगम की साफ–सफाई व्यवस्था व शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।

भ्रमण के कार्यपालन अभियंता एवं जोन कमिश्नर ए.के. शर्मा, एम.आई.सी.सदस्य सीताराम चौहान, सहायक अभियंता तपन तिवारी, उप अभियंता अरूण बघेल, देवेन्द्र स्वर्णकार, गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल आदि के साथ अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।